# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 08.12.2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री तरूण गौतम, अधिशषी अभियन्ता, आई0डब्लू0डी0, आई0आई0टी0, कानपुर | सदस्य |
| 3. | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–01, कल्यानपरु कानपुर | सदस्य |
| 4. | अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–03, कानपुर | सदस्य |
| 5. | अधिक्षण अभियन्ता, यू0पी0सिडकों, कानपुर | सदस्य |
| 6. | परियोजना प्रबन्धक उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 8. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 9. | प्रो0 डी0 परमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |

**12.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 10.08.2021 को सम्पन्न हुई 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 10.08.2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**12.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 10.08.2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

12.03

1. **विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन मल्टीपरपज हाल के अतिरिक्त कार्यों के आगणन पर विचार :**

   विश्वविद्यालय में AKTU से वित्तपोषित दीनदयाल उपाध्याय परियोजना के अन्तर्गत ''मल्टीपरपज हाल'' का निर्माण कार्य अवमुक्त धनराशि रू0 929.95 लाख एवं अन्य विकास कार्यो हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत धनराशि कुल रू0 587.18 लाख से पूर्ण कराया जा रहा है।

   शताब्दी समारोह के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिये गये निदेशो के क्रम में निर्माण इकाई द्वारा अतिरिक्त टायलेट और ऐक्रेलिक शीट एवं ए0सी0, हाई मास्ट लाईट आदि अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है। पूर्ण कराये जा रहे अतिरिक्त कार्यो के भुगतान हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा कुल रू0 112.55 लाख का आगणन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कुल रू0 104.24 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये निर्देशित किया गया कि स्टेज पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए दिनांक 25/12/2021 तक उक्त भवन को विश्वविद्यालय को अधिग्रहण कराया जाना सुनिश्चित करें।

2. **विश्वविद्यालय में शताब्दी स्तम्भ के आगणन पर विचार :**

   समिति को अवगत कराना है कि प्रश्नगत कार्य हेतु UPSIDCO से प्राप्त आगणन पर अनुमोदनोपरान्त अग्रेतर कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित था। परन्तु UPSIDCO ने निर्धारित समयावधि (दिनांक 25/11/2021) तक कार्य पूर्ण करने में लिखित असमर्थता व्यक्त की थी। तत्पश्चात, उक्त कार्य UPRNN से उसी आगणन पर कराया जा चुका है।

   उक्त पर भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये निर्माण इकाई को निर्देशित किया गया कि भवन के वास्तविक व्यय विवरण एवं ड्राइंग आदि 10(दस) दिवसों के अन्दर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3. **विश्वविद्यालय में शताब्दी द्वार एवं सड़क के निर्माण के आगणन पर विचारः**

समिति को अवगत कराना है कि प्रश्नगत कार्य हेतु UPSIDCO से प्राप्त आगणन पर अनुमोदनोपरान्त अग्रेतर कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित था। परन्तु UPSIDCO ने निर्धारित समयावधि (दिनांक 25/11/2021) तक कार्य पूर्ण करने में लिखित असमर्थता व्यक्त की थी। तत्पश्चात, उक्त कार्य UPRNN से उसी आगणन पर कराया जा चुका है।

उक्त पर भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये निर्माण इकाई को निर्देशित किया गया कि भवन के वास्तविक व्यय विवरण एवं ड्राइंग आदि 10(दस) दिवसों के अन्दर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4. **विश्वविद्यालय में अर्न्तराष्ट्रीय छात्रावास एवं अतिथि गृह के आगणन पर विचार :**

विश्वविद्यालय के अर्न्तराष्ट्रीय छात्रावास एवं अतिथि गृह के निर्माण हेतु आगणन प्रस्तुत करने हेतु पत्र के माध्यम से विभिन्न निर्माण इकाईयों से अनुरोध किया किया गया था। जिसके क्रम में निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन कुल रू0 2170.32 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

5. **विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागणों की मुख्य सड़कों के अनुरक्षण का कार्य :**

विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागणों की मुख्य सड़कों की स्थिति अत्यन्त जर्जर और दुर्धटना बाहुल्य होने के कारण तथा दिनांक 25/11/2021 को शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम के दृष्टिगत उक्त कार्य को कराया जाना अति–आवश्यक था। जिसके सापेक्ष दोनों प्रागणों की मुख्य सड़कों के कारपेंटिग का कार्य निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत आगणन कुल रू0 104.28 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

6. **विश्वविद्यालय में प्रस्तावित अन्य कार्य जिनका आगणन विभिन्न निर्माण इकाईयों से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित हैः**

1) विश्वविद्यालय के समस्त भवनों पर 'रूफटॉप सोलर पैनल' लगवाये जाने का आगणन।
2) पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण को एलीवेटेड रोड से जोडने हेतु आगणन।
3) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित हैलीपैडों पर RCC करते हुए स्थाई बनाने एवं उसके चारों तरफ सुन्दरीकरण का कार्य।
4) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में नवनिर्मित मल्टीपरपज हाल के चारों तरफ बाउंण्ड्रीवाल बनाने का कार्य।
5) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में शताब्दी द्वार के सामने स्थित **नई सड़क एवं गेट** का निर्माण कार्य और उसका छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की सीमा तक विस्तार।

उक्त कार्यो हेतु भवन निर्माण समिति द्वारा सभी निर्माण इकाईयों से प्राप्त आगणन एवं ड्राइंग भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

7. **मा0 कुलपति महोदय कि अनुमति से अन्य मद पर विचार :**

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(डी0 परमार )
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर।